# कार्यालय – प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक /तीन–3–15/2025 जबलपुर, दिनांक सितंबर 2025

## –::निविदा आमंत्रण सूचना::–

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायालय जबलपुर हेतु 200 नग रेमण्ड कंपनी की होम लोन्ग सफेद कॉटन टॉवल क्रय बावत् ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है। इक्च्छुक व्यापारी/ विक्रेता/निर्माता अपनी निविदायें https://mptenders.gov.in के माध्यम से 500/–रु की फीस जमा कर दिनांक 13.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 15.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्ते एवं सामग्री की संपूर्ण जानकारी म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाईड www.mphc.gov.in, जिला न्यायालय जबलपुर की वेबसाईड https://jabalpur.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्ते डाउनलोड की जा सकती है।

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जबलपुर (म.प्र.)

## <u>कार्यालय – प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जबलपुर (म.प्र.)</u>

क्रमांक /तीन–3–15/2025 जबलपुर, दिनांक सितंबर 2025

### –::निविदा शर्तें::–

1. निविदा https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदायें प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जबलपुर के नाम से दिनांक 13.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक सिर्फ Online Mode में ही प्राप्त की जावेगी। उक्त निविदा दिनांक 15.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी।
2. नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाये जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।
4. प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जबलपुर को यह अधिकारी होगा कि ऑनलाईन निविदा खोलते समय यदि सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से आपेक्षाकृत कम हो तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकारों से पृथक–पृथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते है।
5. निविदा में सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है सामग्री का साईज, प्रकार, नाम, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।
6. निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील होना आवश्यक है।
7. निविदा द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

8. निविदा की सामग्री चाही गई कंपनी की ना होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सभी सामग्री निविदाकर को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।
9. निविदा से संबंधित शर्तें एवं प्रदाय किये जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in जिला न्यायालय जबलपुर की वेबसाइट https://jabalpur.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जाकर राशि–500/–रु. ऑनलाईन फीस जमा कर दिनांक 13.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत की जा सकती है।
10. सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।
11. निविदा की दरें अनुबंध वित्त वर्ष 2025–26 हेतु अनुबंध दिनांक से 31.03. 2026 तक मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। अनुबंधित सामग्री एक वर्ष में एक साथ या पृथक–पृथक आवश्यकतानुसार समय समय पर क्रय की जावेगी।
12. निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, स्पष्ट करें।
13 सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कम्पनियों के नाम अंकित है, केवल उन्हीं कंपनियों की सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।
14. निविदाकारों के सुरक्षा निधि के रूप में 20,000/–रुपये की ईएमडी राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी।

15. सभी सामग्री के ब्रान्डेड नाम ब्रान्डेड के नमूने स्वयं उपस्थित होकर अथवा कोरियर के माध्यम से सील बंद पैकेट में प्रीविड मीटिंग दिनांक 10.10.2025 को क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

16. किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जबलपुर को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

17. शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

18. सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

19. निविदाओं द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी जायेगी, वह अनुबंध अवधि तक यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

20. निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु जिला नाजिर, नजारत अनुभाग जबलपुर के मोबाईल नंबर 9893656262 पर संपर्क किया जा सकता है।

**प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

**नाम एवं पताः—**

## परिशिष्ट –अ
## सफेद कॉटन टॉवल सामग्री

| क्र. | सामग्री का नाम विवरण सहित | प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी | 01 वर्ष में क्रय की जाने वाली संभावित सामग्री | निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग दर जीएसटी सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सफेद कॉटन टॉवल (होम लोन्ग ) | रेमण्ड | 200 नग | |

**टीपः–**

1. उपरोक्त तालिकाओं में दर्शित क्रय की जाने वाली सामग्री की संख्या संभावित है, जिसमें आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. उपरोक्त तालिका में जो सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित है, उन्हीं कंपनी की सामग्री की दर निविदाकर्ता प्रस्तुत करें एवं जिन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित नहीं है, उनमें निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित किया जावे।

**प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

**नाम एवं पताः–**

## परिशिष्ट—बी

## तकनीकी विड में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज

| क्रमांक | दस्तावेजों का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | ई.एम.डी. 20000 / — | |
| 2 | पेन नंबर | |
| 3 | आयकर विवरणी | |
| 4 | जीएसटी रजिस्टेशन | |
| 5 | ऑनलाईन निविदा फीस 500 / —रुपये जमा की रसीद | |

**प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

**नाम एवं पताः—**